प्रादेशिक समाचार

दिनांक–15.08.2024 (संध्या 1845 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर अपने संबोधन में भारत को विनिर्माण, सेमीकंडक्टर उत्पादन, गेमिंग और डिजाइनिंग के क्षेत्र में विश्व का अग्रणी देश बनाने पर दिया जोर।
- श्री मोदी ने नयी दिल्ली स्थित लाल किले की प्राचीर से अगले पांच वर्षों में मेडिकल पाठ्यक्रमों के लिए 75 हज़ार सीटें बढ़ाए जाने की घोषणा की।
- राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने उपराजधानी दुमका में फहराया तिरंगा, कहा– मुख्यमंत्री कृषि ऋण माफ़ी योजना के तहत अब किसानों के दो लाख रुपये तक के ऋण होंगे माफ।
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची के मोरहाबादी मैदान में किया ध्वजारोहण, कहा– झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से अक्टूबर तक 35 हजार पदों पर होगी नियुक्ति।
- मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों तक राज्य के लगभग सभी स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की जताई प्रबल संभावना।

****

राष्ट्र आज अपना 78वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस अवसर पर नई दिल्ली में लाल किले की प्राचीर से राष्ट्रीय ध्वज फहराया और राष्ट्र को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने विनिर्माण, गेमिंग और डिजाइनिंग समेत विभन्न क्षेत्रों में देश को वैश्विक नेता के रूप में स्थापित करने के लिए नवाचार की आवश्यकता पर बल दिया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वोकल फॉर लोकल मंत्र देश की अर्थव्यवस्था की वृद्धि का मंत्र बन गया।

प्रधानमंत्री ने देश में धर्मनिर्पेक्ष नागरिक संहिता लागू करने पर जोर दिया।

प्रधानमंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा को याद करते हुए कहा कि उनकी 150वीं जयंती आ रही है। यह हम सब के लिए एक प्रेरणा बने, इसकी कोशिश होनी चाहिए।

श्री मोदी ने अगले पांच वर्षों में मेडिकल पाठ्यक्रमों के लिए देश भर में 75 हज़ार सीटें बढ़ाए जाने की भी घोषणा की।

****

गृह मंत्री अमित शाह ने 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के प्रति सरकार के संकल्प का प्रतिबिंब बताया। श्री शाह ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि प्रधानमंत्री का संबोधन, पिछले दस वर्षों की सफलताओं से प्रेरित होकर देश को आगे ले जाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने सभी देशवासियों से सशक्त भारत के निर्माण का संकल्प लेने का आह्वान किया।

****

झारखंड में 78 वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने उपराजधानी दुमका में तिरंगा फहराया। अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि मुख्यमंत्री कृषि ऋण माफ़ी योजना के तहत अब किसानों के दो लाख रुपये तक के ऋण माफ किए जाएंगे।

साउंड बाइट–संतोष गंगवार–19 सेकेंड

इधर, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची के मोरहाबादी मैदान में झंडोत्तोलन किया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने झारखंड के वीर सपूतों के साथ साथ स्वतंत्रता संग्राम में हिस्सा लेने वाले सेनानियों को याद करते हुए उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अक्तूबर तक 35 हजार पदों पर नियुक्ति हो जाएगी।

****

पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने कहा है कि राज्य के जंगलों में छिपे नक्सलियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा साइबर अपराधियों को भी राज्य से समाप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। श्री गुप्ता आज रांची स्थित पुलिस मुख्यालय में ध्वजारोहण के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

****

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, सीआरपीएफ के कमांडरों ने आज राज्य के विभिन्न तैनाती स्थलों पर हर्ष और उल्लास के साथ ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर अधिकारियों ने देश की आजादी के लिए बलिदान देनेवाले जवानों की शहादत को याद किया। इधर, रांची के समूह केंद्र सैम्बो में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के पुलिस महानिरीक्षक साकेत कुमार सिंह ने ध्वजारोहण किया और जवानों को विशिष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

****

स्वतन्त्रा दिवस के अवसर पर राजधानी रांची में राष्ट्रीय युवा शक्ति संस्था ने लगभग दस किलोमीटर लम्बे तिरंगा के साथ एक यात्रा निकाली। संस्था के अध्यक्ष उत्तम यादव ने बताया कि आम लोगों को आपस में जोड़ने के उद्देश्य से यह यात्रा निकाली गई।

****

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन रक्षाबंधन से एक दिन पूर्व 18 अगस्त को पाकुड़ जिले से बहन–बेटियों के खाते में एक हज़ार रुपए की सम्मान राशि भेजकर मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का शुभारंभ करेंगे। इस सम्बन्ध में मुख्यमंत्री ने आज वरीय अधिकारियों की उपस्थिति में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ एक समीक्षा बैठक की।

****

धनबाद रेलमंडल के सभी स्टेशनों पर अनारक्षित रेलवे टिकट अब यूटीएस मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से खरीदे जा सकते हैं। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

****

मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों तक राज्य के लगभग सभी स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की प्रबल संभावना जताई है। इस दौरान विभाग ने कहीं–कहीं गर्जन और वज्रपात होने की भी आशंका जताई है। रांची स्थित मौसम केंद्र के निदेशक ने बताया कि 17 और 18 अगस्त को रांची, रामगढ़, खूंटी, हजारीबाग, बोकारो, देवघर, दुमका, धनबाद, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ और साहेबगंज जिलों में कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी वर्षा हो सकती है।

*******समाप्त********